# चुनावों में एआई की एंट्री; एक ही भाषण का बैकग्राउंड बदलकर वार्डों में भेज रहे

**भास्कर न्यूज | जयपुर**

निकाय चुनावों में एआई की एंट्री हो गई। संभावित प्रत्याशियों ने टिकटों की दौड़-भाग के बीच प्रचार का रोडमैप भी बनाना शुरू कर दिया है। जयपुर सहित प्रदेशभर में एजेंसियां अब अलग-अलग पैकेज देकर ऑनलाइन प्रचार-प्रसार के तरीके, प्रत्याशियों की छवि, काम का पूरा आकलन, पोस्टर, बैनर, वीडियो, वाइस आवर का पूरा काम एआई का जरिए करा रही हैं।

एआई का असर यहां तक है कि नेता बैठे लोगों से "रूबरू" बात कर रहे हैं। एआई से वर्चुअल सभाओं की प्लानिंग हो रही है। एक ही भाषण को अलग भाषा, लहजे और बैकग्राउंड में बदलकर हर वार्ड के हिसाब से भेजा जा रहा है। कार्यकर्ता वॉट्सएप पर वोटर का नाम डालकर 30 सेकंड का पर्सनल वीडियो बना रहे हैं, जिसमें संबंधित प्रत्याशी सीधे 'नमस्ते, शर्माजी-वर्माजी' कहकर वोट मांगेगा।